शहर से हटाए जा रहे है अवैध अतिक्रमण, 20 स्थानों से हटाए गए अवैध कब्जे, सड़क बाधा करने वालों को दी गई चेतावनी, साथ ही 20000 दांडिक शुल्क वसूला गया

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही आज भी की गई। निगम का बुलडोजर आज ओम शांति ओम चौक पहुंचा। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारियों की टीम ने अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर कार्यवाही की। आज 20 स्थानों से अतिक्रमण हटाए गए वहीं बारंबार निर्देश देने के बाद भी पुनः दुकान लगाने वाले ठेले को निस्तेनाबुत किया गया। टीम में सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर , जगदीश तिवारी एवं बालकृष्ण नायडू विशेष रूप से मौजूद रहे। ओम शांति ओम चौक के पास सड़क पर मलबा बिखेरने वाले दुकानदार से 15000 जुर्माना लिया गया वहीं ओम शांति ओम चौक से कालीबाड़ी की ओर सड़क बाधा कर मलबा फैलाने वाले दुकानदार से 5000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। इस प्रकार से सड़क बाधा करने वालों से 20000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। ओम शांति ओम चौक के पास ही दुकानदार ने रेत और गिट्टी का ढेर सड़क किनारे लगा दिया था जिससे आवागमन में काफी परेशानियां हो रही थी जिसको देखते हुए दुकानदार से जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की गई है तथा चेतावनी देते हुए 2 दिन के मोहलत देते हुए मलबा को हटाने के निर्देश अधिकारियों ने दुकानदार को दिए है। ओम शांति ओम चौक के करीब कुछ लोग अवैध रूप से बांस, बल्ली की सहायता से दुकान संचालित कर रहे थे तथा सड़क किनारे ही ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहे थे। निगम ने कई बार इन्हें समझाइस दे रखी थी , परंतु अवैध रूप से ठेला लगाने वाले बाज नहीं आ रहे थे , आज जब जेसीबी पहुंची तो ठेले को ध्वस्त करते हुए निगम ने जब्ती की कार्यवाही की है। इधर ओम शांति ओम चौक से कालीबाड़ी चौक तक के बायी अवैध दुकानें तथा ठेलों को हटाने की कार्यवाही निगम ने की है। उल्लेखनीय है कि अवैध रूप से कहीं भी अव्यवस्थित तरीके से ठेला एवं दुकान होने के कारण आवागमन में राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं सड़क में जगह नहीं मिलने से जाम लगने की संभावना भी बढ़ जाती है तथा दुर्घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता , शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने की दिशा में भी अवैध रूप से लगाए गए दुकानों एवं ठेलों को हटाना आवश्यक हो गया था। जिसके चलते निगम प्रशासन ने अभियान के तहत ऐसे अतिक्रमण को हटाने का अभियान चला रखा है। विगत दिनों पूर्व आकाशगंगा क्षेत्र में तथा नेहरू नगर चौक के समीप अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई थी। अवैध अतिक्रमण हटने के बाद शहर साफ , सुथरा दिखाई दे रहा है। वहीं राहगीरों को भी आवागमन में सुविधा हो रही है।